# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–17 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस पचीस के नौवें संस्करण के पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष दो हजार पचीस में देश स्वच्छता और आस्था का अद्‌भुत संगम देखेगा।

**मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए आवासन शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया गया है। इस सर्वेक्षण में विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों तथा लगभग चौदह करोड़ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है। निष्पक्ष सर्वेक्षण द्वारा आंकलन के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी निकायों का पुरस्कारों हेतू चयन किया गया है।**

स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस पचीस के नौवें संस्करण में प्रदेश के पांच शहर लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा और गौतमबुद्ध नगर भी पुरस्कृत हुए। प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने साफ सुथरे शहरों की श्रेणी में ऊंची छलांग लगाते हुए देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के विशेष श्रेणी में महाकुंभ के भव्य और स्वच्छ आयोजन के लिए प्रयागराज को पुरस्कृत किया गया। गोरखपुर को भी इस बार स्वच्छ शहरों की श्रेणी के मिनिस्ट्रीरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। आगरा को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गौतमबुद्ध नगर को तीन से दस लाख की आबादी की श्रेणी में सबसे साफ सुथरे शहर के तौर पर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार पाने वाले सभी शहरों के नागरिकों को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बधाई दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज चन्दौली जिले में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की और विकास कार्यों को तय समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री ने चंदौली के कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**********

केन्द्र सरकार दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसमें ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल इंडिया के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित जन सेवा केन्द्र दिवस कार्यक्रम में कल इसकी घोषणा की।

***ए आई मिशन है अपना बहुत अच्छा। उस ए आई मिशन के तहत हम लोगों ने टारगेट लिया है, करीब दस लाख लोगों को एआई स्किल्स में तैयार करेंगे। उसमें साढे पांच लाख वियरलीस अपने हैं आप सबको सबसे पहले उसमें प्रीफ्रेंस दी जाएगी।***

**********

अयोध्या के सावन झूला मेला में भगवान रामलला उन्तीस जुलाई से सोने के बने हिंडोले पर सवार होंगे। श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सावन झूला मेला पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मणि पर्वत पर रामलला की तरफ से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं के रुकने और रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी श्री राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि तीर्थ क्षेत्रपुरम बाग बिजेसी में की जाएगी। इस दौरान यह पहला मौका होगा जब रामलला के दरबार में राजाराम भी झूले का आनंद लेंगे।

**********

जम्मू–कश्मीर में खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई है। आधिकारिक रूप से बालतल और पहलगाम मार्गों पर तेज बारिश के कारण आज तीर्थयात्रा रद्द करने का निर्णय लिया गया। किसी भी जत्थे को कश्मीर की ओर जम्मू आधार शिविर से आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में आज मध्यम से लेकर भारी वर्षा हुई। गोरखपुर सहित आसपास के जिलों में हुई तेज वर्षा से लोगों को उमस से राहत मिली है। जौनपुर जिले में हो रही भारी बारिश को देखते हुए वहां आज कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यालय बंद रहे। वाराणसी जिले में कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण वहां नमो घाट जलमग्न हो गया है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि फिलहाल वहां गंगा नदी के जल स्तर में बढ़ोत्तरी रुक गई है।

प्रयागराज जिले में भी आज भारी वर्षा होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। चित्रकूट जिले में मंदाकिनी नदी के उफान पर होने के कारण रामघाट पर दुकानों में पानी भर गया, जिसकी वजह से दुकानों को खाली करा दिया गया । हालात को देखते हुए वहां प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। कौशाम्बी जिले में आज सुबह से रुक रुक तेज हवाओं के साथ बारिश होती रही। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी चौबीस घंटे के भीतर प्रदेश के करीब चौवालीस से अधिक जिलों में बारिश होने की संभावना और कहीं कहीं बिजली गिरने की आशंका जताई है।

**********